



## एक नजर में

### रामनवमी पर गीता भवन में महाआरती का आयोजन

**मन्दसौर।** अन्तर्राष्ट्रीय संत स्वामी रामनिवास महाराज के सानिध्य में 27 मार्च, शुक्रवार को दिन में 12 बजे धर्मधाम गीता भवन में रामनवमी के मंगलमय अवसर पर महाआरती का आयोजन किया गया है। समस्त भक्तजन, माता और बहनें महाआरती में भाग लें।

### बेरोजगार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नियुक्त हुए सुरेश टेलर

**मंदसौर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुश्री नेहा पालीवाल द्वारा बेरोजगार प्रकोष्ठ के मंदसौर जिलाध्यक्ष पद पर सुरेश टेलर को नियुक्ति किया गया। अनुमोदन उपरांत बेरोजगार प्रकोष्ठ के मंदसौर जिलाध्यक्ष सुरेश टेलर नगरी वाले ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर सहित सभी वरिष्ठजनों एवं प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष का सुश्री नेहा पालीवाल आभार माना।बेरोजगार प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुरेश पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया की लंबे समय से जिले में बेरोजगारों को रोजगार के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिला, सरकार से नौकरियों मे भर्ती के नाम भी छलावा मिला। जिले के सभी बेरोजगार युवाओं को कांग्रेस पार्टी के सहयोग से बेराजगार प्रकोष्ठ के बनेर तले जोडकर उन्हे अपना हक अधिकार दिलाने के लिए उन्हे जागरूक करना मेरा प्रथम कार्य होगा।

### उपमुख्यमंत्री ने शिक्षक राकेश गुप्ता सहित अनेक शिक्षकों को किया सम्मानित

**चिताखेडी /नाहरगढ।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मन्दसौर में ( 186 .27 लाख ) एक ऑडिटोरियम के शिलान्यास के अवसर पर उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं सभी जनप्रतिनिधिगण ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय चिताखेड़ी के शिक्षक राकेश गुप्ता को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। राकेश गुप्ता को यह सम्मान शाला में टीएलएम निर्माण और बच्चों का शैक्षिक स्तर सुधारने में महत्पूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। उन्होंने शाला में कई तरह के शैक्षिक टूल्स बनाए, जिससे बच्चों का आकर्षण केंद्र बना और उनका शैक्षिक स्तर भी सुधरा। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने राकेश गुप्ता सहित अनेक शिक्षक को सम्मानित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि राकेश गुप्ता जैसे शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। राकेश गुप्ता ने इस सम्मान के लिए उपमुख्यमंत्री व सभी जनप्रतिनिधिगण का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मान उन्हें और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा मामले में राज्य शिक्षक संघ ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की

**मन्दसौर।** प्रदेश के शिक्षकों में शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी इसी चिंता को लेकर प्रदेश भर के शिक्षकों के लिए राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष जगदीश यादव के नाम से पुनर्विचार याचिका सर्वोच्च न्यायालय में दायर कर दी गई। राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव दिनेश शुक्ला ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर अब किसी भी शिक्षक साथी को व्यक्तिगत न्यायालय में जाने की आवश्यकता नहीं प ?गी। शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर कोई भी शिक्षक चिंतित नहीं हो राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश शिक्षकों के हितों को लेकर सदैव ख ?ा रहा है संघ ने उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की है संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि प्रदेश भर के शिक्षक चिंतित हो रहे हैं और अलग-अलग संगठनों के माध्यम से याचिकाए लगा रहे लेकिन अब उन्हें अलग-अलग नाम से याचिका दायर करने की जरूरत नहीं है श्री यादव ने बताया कि किसी भी स्थिति में शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं होने देंगे वे कानून की ल ?ाई ल ?ेंगे साथ ही इस मामले में शासन स्तर से भी संवाद बना हुआ है शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर राज्य शिक्षक प्रदेश भर में विधायकों एवं सांसदों के माध्यम से भी अपनी बात रखी है इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी नागेंद्र त्रिपाठी, राजेश एलिया, नरेंद्र त्रिपाठी, गजेंद्र बछले, गिरीश द्विवेदी, आनंद त्रिवेदी, अनिल पटेल, शैलेंद्र श्रीवास्तव, सत्येंद्र सिंह एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुमावत समाज ने राम जन्म की मनाई खुशियां, धर्म मय हुआ शहर

▶ जय-जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा नगर...



**मंदसौर। शहर में गुरुवार को रामनवमी के आयोजन हुए। नसिंहपुरा में रघुनंदन के जन्म की खुशियां बड़े ही हर्षल्लास साथ मनाई गईं। नसिंहपुरा स्थित राम जानकी मंदिर से कुमावत समाज ने चल समारोहनिकाला। वहीं मंदिरों व घरों में हवन-पूजन व आयोजन भी हुए।**

राम जन्मोत्सव पर कुमावत समाज द्वारा सुबह 9 बजे नसिंहपुरा स्थित राम मंदिर पर महाआरती कर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की झांकी साथ साथ चल रही थी जो यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। समाज के सभी लोगों ने व्यापार-व्यवसाय बंद रखकर राम जन्मोत्सव मनाया। शोभायात्रा में समाज के अनेक स्त्री-पुरुष व बच्चे शामिल हुए। युवाओं ने ढोल की थाप पर गरबा व नृत्य किया। शोभायात्रा नसिंहपुरा से रामटेकरी, महू-नीमच राजमार्ग, बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टैंड, कालीदास मार्ग, घंटाघर सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए नरसिंहपुरा राम मंदिर पहुंची। महाआरती के बाद सामाजिक भोजन प्रसादी के आयोजन साथ सम्मान समारोह भी हुआ।

**जगह-जगह किया गया स्वागत:** शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह समाजजनों सहित अन्य संगठनों ने स्वागत किया। फूल वर्षा कर भक्तजनों ने प्रभु श्रीरामचंद्र के जयकारे लगाए। पूरा नगर भगवा झंडे से रंगा हुआ दिखा।

> **श्री वीर हनुमान यात्रा में शामिल होने का किया आह्वान**
>
> कुमावत समाज अध्यक्ष राधेश्याम कुमावत, सचिव मोहनलाल कुमावत, गोरधन कुमावत ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्री वीर हनुमान यात्रा में कुमावत समाज को सम्मिलित होने के लिए आयोजक समिति के प्रमुख ब्रजेश जोशी एवं गौरव अग्रवाल ने उपस्थित संगत को संबोधित किया। उन्होंने यात्रा के कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए आह्वान किया कि वे तलाई वाले बालाजी मंदिर से निकलने वाली वीर हनुमान यात्रा में शामिल होकर सनातन संस्कृति को बढ़ावा दें व धर्म लाभ प्राप्त करें।

## जनगणना के सफल क्रियान्वयन के लिए दिया तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**मंदसौर।** जनगणना 2027 के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु जिले में तैयारियों को गति प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में मंदसौर जिले में ग्रामीण चार्ज स्तर पर नियुक्त अधिकारियों के लिए जिला स्तर पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जनगणना के जिला प्रभारी अभिषेक ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 मार्च से 26 मार्च 2026 तक आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य जनगणना कार्य में संलग्न अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियों, प्रक्रियाओं एवं तकनीकी पहलुओं के संबंध में विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। इस प्रशिक्षण में भानपुरा, मल्हारगढ़, गरोठ, शामगढ़ एवं सीतामऊ तहसीलों के तहसीलदार एवं चार्ज जनगणना अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका मंदसौर के चार्ज जनगणना अधिकारी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधियां, क्षेत्रीय स्तर पर समन्वय तथा डिजिटल एवं तकनीकी उपकरणों के उपयोग के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र में अभिषेक ठाकुर और सत्येन्द्र सिंह राठौर द्वारा जनगणना कार्य की बारीकियों पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। उन्होंने फील्ड स्तर पर कार्य के प्रभावी संचालन, त्रुटिरहित डेटा संकलन एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग की महत्ता पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों को यह भी अवगत कराया गया कि जनगणना कार्य एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें प्रत्येक स्तर पर सतर्कता, सटीकता एवं समन्वय आवश्यक है। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी अधिकारियों को आगामी जनगणना कार्य के लिए पूर्ण रूप से तैयार किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी एवं मार्गदर्शक बताया गया।

## नपाध्यक्ष गुर्जर ने रामनवमी चल समारोह का किया स्वागत



**मंदसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने गुरुवार को मंदसौर नगर में रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में निकले दो चल समारोह का स्वागत किया नपाध्यक्ष गुर्जर ने जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा उत्तर, दक्षिण मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ वसीठा धोबी समाज चल समारोह का स्वागत किया।

गुर्जर ने श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण भी कर रामनवमी की बधाई दी। नपाध्यक्ष गुर्जर ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पशुपतिनाथ मंदिर के वसीठा धोबी समाज की धर्मशाला में पहुंचकर समाजजनों को शुभकामनाएं दी। नपाध्यक्ष गुर्जर ने इसके पूर्व बीपीएल चौराहा पर कुमावत समाज के चल समारोह का स्वागत भी किया। उन्होंने विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ कुमावत समाज के चल समारोह पर पुष्प वर्षा की और उन्हें रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं दी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत दक्षिण मंडल अध्यक्ष विनोद डगवार, मंडल महामंत्री का केसरीमल जटिया धर्मेंद्र जटिया बंशी राठौर भाजपा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष राम अटेला और अन्य मौजूद रहे।

**एक नजर** ▶ दशपुर इनरव्हील क्लब ने की प्रेरणादायक सामाजिक पहल

## तपती गर्मी में पक्षियों को पानी के लिए लोगों को बांटे सकोरे

**मंदसौर। भीषण गर्मी के इस दौर में जहां एक ओर आमजन तेज धूप और गर्म हवाओं से परेशान हैं, वहीं बेजुबान पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना एक बड़ी आवश्यकता बन जाती है। इन्हीं संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए इनरव्हील क्लब ऑफ मंदसौर दशपुर द्वारा एक प्रेरणादायक सामाजिक पहल की गई।**




डॉ. मनीषा मेहता के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मेहता नेत्रालय में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच सकोरों ( पक्षियों के लिए पानी के बर्तन) का वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों को अपने घरों के बाहर एवं छतों पर सकोरे रखने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि इस भीषण गर्मी में पक्षियों को भी जल उपलब्ध हो सके और उनके जीवन की रक्षा की जा सके। कार्यक्रम के दौरान क्लब की पूर्व अध्यक्ष शोभिता पोरवाल ने डॉ. मनीषा मेहता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और हमें प्रकृति एवं जीवों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का एहसास कराते हैं। इस अवसर पर सोनम मेहता, क्लब की संपादक दीप्ति अग्रवाल, अमृता कोरे, रश्मि जेतावत एवं अंजलि मेहता की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने इस सेवा कार्य में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। क्लब की अध्यक्ष नेहा संचेती ने अपने संदेश में कहा कि 卐छोटे-छोटे प्रयास मिलकर ब? बदलाव लाते हैं। यदि हम सभी मिलकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें, तो निश्चित ही हम उनके जीवन को बचाने में योगदान दे सकते हैं।卐 उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का धन्यवाद व्यक्त किया। वहीं क्लब की सचिव नीता रिछावरा ने भी सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनरव्हील क्लब सदैव समाज सेवा के ऐसे कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा और आगे भी इस प्रकार की जनहितकारी गतिविधियां निरंतर आयोजित की जाती रहेंगी।

# नीमच

## एक नजर में

### नीमच जिले की 10 समूहों में 26 एकल शराब दुकानों का आठवें चरण में

**नीमच।** जिला आबकारी अधिकारी नीमच ने बताया, कि नीमच जिले में वर्ष 2026-27 के लिये अर्थात एक अप्रेल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिये ई-टेण्डर/ ई-टेण्डर कम ऑक्शन आठवे चरण में 10 समूहों की 26 एकल दुकानों को निष्पादन 27 मार्च को शाम 5 .30 बजे तक किया जावेगा। ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाईन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं आफर सबमिट करने की तिथि 25 मार्च 2026 को दोपहर : 4 बजे से 27 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे तक रहेगी। ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय 27 मार्च 2026 को दोपहर 12 .05 बजे से रहेगी। ई-टेण्डर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रारंभ एवं बंद होने की तिथि एवं समय 27 मार्च 2026 को शाम 4 .30 बजे से सायंकाल 5 .50 बजे तक (तत्पश्चात 15 मिनट के अंतराल में बोली दिये जाने पर आगामी 15 मिनिट के लिए समयावधि में वृद्धि) ई-टेण्डर खोलने की तिथि एवं समय संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 27 मार्च 2026 को दोपहर 6 बजे (जो भी बाद में हो) रहेगा।

### कांग्रेस सेवादल करेगा झंडा वंदन कार्यक्रम रविवार को

**जावद।** आगामी नगर निकाय,विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर कांग्रेस पार्टी के विभिन्न संगठनो द्वारा अलग-अलग समय पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इसी संदर्भ में स्थानीय बस स्टैंड पर रविवार को प्रात : 10 बजे सेवादल द्वारा झंडा वंदन किया जाएगा इस अवसर पर सेवादल के जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह सिसोदिया मंडलम अध्यक्ष राजेश राठौर, सेक्टर प्रमुख विजय तिवारी, नगर अध्यक्ष शौकीन पटेल, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे उक्त जानकारी सेवादल के सहजिला प्रवक्ता पंकज एरन द्वारा दी गई।

### सिविल हॉस्पिटल रामपुरा में विधायक प्रतिनिधि पद पर कैलाश बैरागी की नियुक्ति

**रामपुरा।** मनासा क्षेत्र के विधायक अनिरुद्ध माधव मारु द्वारा सिविल हॉस्पिटल रामपुरा में विधायक प्रतिनिधि पद पर कैलाश बैरागी की नियुक्ति किए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल देखा जा रहा है। इस अवसर पर ईस्ट मित्रों एवं समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कैलाश बैरागी की नियुक्ति को लेकर स्थानीय नागरिकों ने विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार होगा और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। बधाई देने वालों ने कहा कि बैरागी लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी में रहते हुए सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और जनता की समस्याओं को लेकर हमेशा सजग रहते हैं। इस दौरान समर्थकों ने पुष्पमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। कैलाश बैरागी ने विधायक अनिरुद्ध माधव मारु सहित सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे तथा अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुविधाओं को प्राथमिकता देंगे। कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।




## नूतन विद्यालय का 5वीं और 8वीं का 100 प्रतिशत रहा रिजल्ट

**नीमच।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा बुधवार, 25 मार्च को जारी कक्षा 5वीं और 8वीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में शहर के प्रतिष्ठित नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का दोनों ही कक्षाओं में परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस उपलब्धि ने यह साफ कर दिया है कि आज के आधुनिक दौर में भी नूतन स्कूल के अध्यापन की गुणवत्ता और अनुशासन का कोई सानी नहीं है।



**शिक्षा ही सर्वोपरि: शिक्षकों की मेहनत लाई रंग :** परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष का माहौल छा गया। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, बोर्ड पैटर्न की परीक्षाओं के बावजूद विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। विद्यालय की कार्यसमिति ने इस सफलता का श्रेय कुशल मार्गदर्शन, शिक्षकों के श्रेष्ठ अध्यापन और छात्रों के कड़े परिश्रम को दिया है।

**विरासत: नीमच की शिक्षा का आधार स्तंभ:** नूतन विद्यालय केवल एक स्कूल नहीं, बल्कि नीमच के इतिहास का एक अभिन्न हिस्सा है। सबसे पुराना संस्थान है। यह नीमच शहर के सबसे पुराने स्कूलों में गिना जाता है, जिसने शहर की कई पीढ़ियों को शिक्षित किया है। दशकों पुराने इस संस्थान ने समय के साथ खुद को बदला जरूर है, लेकिन अपनी नैतिकता और पढ़ाई के स्तर से कभी समझौता नहीं किया। यहाँ के शिक्षकों का अनुभव और संस्था का पुराना ढांचा ही इसकी असली ताकत है, जो आज के 'रिजल्ट' में साफ झलकती है।

**देश की आजादी के बाद से हुई स्थापना— समय के साथ बदलाव:** नूतन विद्यालय की स्थापना 1957 में स्वर्गीय जगदीश भाई खण्डेलवाल ने स्थापना की थी। इसकी नींव नूतन शिक्षण समिति द्वारा रखी गई थी, जिसमें नीमच के तत्कालीन प्रबुद्ध नागरिकों और शिक्षा प्रेमियों का सामूहिक योगदान था। उस समय का उद्देश्य नीमच के मध्य क्षेत्र में कम खर्चीली लेकिन उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराना था। शुरुआत में यह एक छोटे से भवन से शुरू हुआ था, लेकिन शिक्षकों की निष्ठा ने इसे शहर का सबसे 'प्रतिष्ठित और अनुशासित' स्कूल बना दिया।

> **शून्य से शिखर तक का सफर**
>
> 60 और 70 का दशक : यह वह दौर था जब नूतन स्कूल नीमच के संभ्रांत और मध्यम वर्ग की पहली पसंद बना। यहाँ से निकले छात्र आज प्रशासन, चिकित्सा और राजनीति के ऊंचे पदों पर आसीन हैं। अनुशासन की पहचान : स्कूल की सबसे बड़ी ताकत यहाँ की 'पीटी' और कड़ा अनुशासन रहा है। पुराने नीमच के लोग आज भी नूतन स्कूल के अनुशासन की मिसाल देते हैं। आधुनिकता के साथ तालमेल : समय बदला, कॉम्पिटिशन बढ़ा, लेकिन नूतन स्कूल ने अपनी मौलिकता नहीं खोई। जहाँ अन्य स्कूल मार्केटिंग पर जोर देते रहे, नूतन ने 'पढ़ाई ही सर्वोपरि' के सिद्धांत को पकड़े रखा।



## केंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा का किया सम्मान

**नीमच।** सभी वर्गों को एक नज़र से देखते हुए निरंतर सहयोगी बने रहने वाले युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत श्री सौरभ जी शर्मा को पून: केंट थाना प्रभारी (टीआई) नीमच का पदभार ग्रहण करने पर कल्याण कमलमय समर्थक समिति नेशनल वालिंटियर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जायसवार के नेतृत्व में केसरिया हिंदू वाहिनी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ भाजपा, राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच, अखिल भारतीय वनवासी कृषि ग्रामीण मजदूर संघ एवं कई राजनीतिक, समाज सेवी संगठनों ने कैंट थाना नीमच पहुंच कर थाना प्रभारी सौरभ शर्मा को मिठाई खिला गले में पुष्प माला पहना सम्मानित किया।

सौरभ शर्मा शासन प्रशासन के एक ऐसे जांबाज सिपाही है जिन्होंने पूर्व में भी नीमच केंट थाना प्रभारी रहते हुए सभी धर्मों के जूलूस जलसे व धार्मिक त्योहारों को शांति और सोहार्द पूर्ण तरीके से संपन्न कराया है।

इनके रहते किसी भी धर्म के लोगों को किसी भी आयोजन को लेकर कोई समस्या कभी भी उत्पन्न नहीं हुई और आज फिर उसी पुराने जोश खरोश के साथ एक बार पून: जनसेवक के रुप में आम जन के सहयोगी के रुप में केंट थाना प्रभारी बनाए जाने पर जिले के सक्रिय ओर जुझारू पुलिस कप्तान जिला पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जी जायसवाल को भी कोटि कोटि धन्यवाद साधूवाद जिन्होंने एक बार पुन: सौरभ शर्मा को नीमच केंट थाना प्रभारी के पद पर जनसेवा का अवसर प्रदान किया।

**एक नजर** ▶ मोबाइल एप से होगी जनगणना, 1 मई से शुरू होगा पहला चरण

## जनगणना को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण, 38 फील्ड ट्रेनर्स को कराया प्रायोगिक अभ्यास

**नीमच। कलेक्टर कार्यालय परिसर स्थित आयुष भवन में आगामी जनगणना को लेकर फील्ड ट्रेनर्स की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला गुरुवार को संपन्न होगी। प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर के निर्देशन में 24, 25 एवं 26 मार्च तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 38 फील्ड ट्रेनर्स ने भाग लिया।**



प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना के प्रथम चरण की तैयारियों को मजबूत करना तथा फील्ड स्तर पर कार्य को व्यवस्थित रूप से संचालित करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर्स को जनगणना से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

इस दौरान ऑनलाइन एप के माध्यम से जनगणना कार्य करने का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे ट्रेनर्स डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन की प्रक्रिया को अच्छी तरह समझ सकें। इस बार जनगणना का कार्य मोबाइल एप के माध्यम से किया जाएगा। प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण भाग फील्ड प्रैक्टिकल रहा, जिसमें ट्रेनर्स को क्षेत्र में भेजकर पांच-पांच मकानों की ट्रायल गणना करवाई गई। इस अभ्यास के माध्यम से उन्हें वास्तविक परिस्थितियों में सर्वे कार्य करने का अनुभव प्राप्त हुआ, ताकि आगामी जनगणना कार्य के दौरान किसी प्रकार की व्यावहारिक कठिनाई न आए। जानकारी के अनुसार जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से प्रारंभ होगा, जिसमें मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा, जबकि दूसरा चरण वर्ष 2027 में संपन्न होगा। अप्रैल माह में यही प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स तहसील स्तर पर प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षण देंगे, जिससे जनगणना कार्य जिला स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक सुचारू रूप से संचालित हो सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजेश मौर्या एवं मनोज जैन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया, जबकि कार्यक्रम के जिला प्रभारी संदीप धोरे रहे।